Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 03-08-2006

Participants : Patle Shri Shishupal Natthu

>

Title : Spread of Chukungunia disease in the Vidarbha region of Maharashtra.

श्री शिशुपाल पटले (भण्डारा) : सभापति जी, महाराट्र के भंडारा एवं गोंदिया जिले में चिकनगुनिया नाम की बीमारी का प्रमाण काफी बढ़ रहा है। सदन में पिछले हफ्ते इस पर काफी चर्चा भी हुई लेकिन इस बीमारी का प्रमाण पिछले तीन महीने से इन जिलों में काफी तेजी से बढ़ रहा cè[h98]।

इस बीमारी की चपेट में पूरे गांव के गांव आ गए हैं। जिला अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इन्हें एडमिट करने के लिए भी जगह नहीं है। इतनी भारी संख्या में वहां लोग बीमार पड़ रहे हैं। ऐसे अस्पतालों में इन रोगियों के लिए डाक्टरों की कमी, दवाईयों की कमी एवं ठीक से ट्रीटमेंट करने की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण उनकी मृत्यु की संख्या दिनोदिन बढ़ती जा रही है। अभी तक भंडारा एवं गोंदिया जिले में मरने वालों की संख्या सौ से ऊपर पहुंच गई है और विदर्भ में भी तीन सौ से ज्यादा रोगियों की मृत्यु हुई है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूं कि ऐसे ग्रामीण क्षेत्र में जो गरीब लोगों के लिए सरकारी अस्पतालों में डाक्टर्स एवं दवाइयां न होने के कारण, इन्हें अपने घर के आभूाण एवं बर्तन बेच कर, दवा खरीद कर इलाज कराना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे गरीब लोगों को ज्यादा से ज्यादा दवाईयां मुहैया कराई जाएं। जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टरों की जो कमी है, उन्हें फौरन भरा जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों के कारण जो बीमारी होती है, इसके लिए गरीब लोगों को सरकार द्वारा मच्छरदानियां प्रोवाइड की जाएं, सरकार से मैं यह मांग करता हूं। धन्यवाद।